केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

संख्या : कोर/जी/पीआर/10/09 दिनांक 16/09/2023

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, में "स्वच्छता पखवाड़ा" का शुभारम्भ

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोर तथा इसकी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़ा की विधिवत शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हो गई है। स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक मनाया जायेगा। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज तथा इसकी सभी परियोजनाओं में स्वच्छता पखवाड़े के दौरान वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, के सभी कार्यालय एवं रेलवे कॉलोनियों में सभी के द्वारा श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्वच्छता पखवाड़े का आगाज आज दिनांक 16/09/2023 को महाप्रबन्धक/कोर श्री प्रमोद कुमार, द्वारा स्वच्छता शपथ से किया गया। इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता शपथ लिया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रेल कर्मियों तथा जन सामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा ताकि स्वच्छता को बनाये रखने में वे सहयोग प्रदान करें। साथ ही रेलवे प्रशासन द्वारा कार्यालय परिसर, रेलवे आवासों तथा अन्य स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा निम्नवत है:-

दिनांक 18/09/2023 एवं 19/09/2023 को स्वच्छ परिसर अभियान के तहत कोर कार्यालय एवं प्रांगण की वृहद साफ-सफाई की जाएगी।

दिनांक 20/09/2023 से 22/09/2023 तक कोर के रेलवे कॉलोनियों की सफाई की जाएगी।

दिनांक 25/09/2023 एवं 26/09/2023 को स्वच्छ नीर अभियान के तहत कोर कार्यालय के ओवर हेड टैंक, वाटर कूलर, वाटर फिल्टर यंत्र की विधिवत सफाई एवं पीने योग्य पानी के गुणवत्ता की जाँच की जाएगी।

दिनांक 27/09/2023 एवं 29/09/2023 को स्वच्छ प्रसाधन कार्यक्रम के तहत कोर कार्यालय, रेस्ट हाउस एवं क्लब के प्रसाधनों की सफाई, पानी की उपलब्धता, लीकेज टेस्ट एवं पानी के निकासी की जाँच की जाएगी।

(एस॰के॰ द्विवेदी)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज